हिन्दी पाठ 7

<u>पापा खो गए</u>

<u>प्रश्न उत्तर</u>

प्रश्न1. नाटक में आप को सबसे बुद्धिमान पात्र कौन सा लगा और क्यों?

उत्तर – नाटक में में सबसे बुद्धिमान पात्र को लगा क्योंकि वह लड़की को उसके पापा से मिलवाने के लिए सबको तरीका बताता है।

प्रश्न2. पेड़ और खंबे में दोस्ती कैसे हुई?

उत्तर – एक दिन जोर से आंधी आई और पेड़ के ऊपर खंबा गिर गया खंबे के गिरने से पेड़ जख्मी हो गया था लेकिन उसने खंबे को बचा लिया उस दिन खंबे का घमंड टूटा और उसके पश्चात दोनों के बीच दोस्ती हो गई।

प्रश्न3. लेटर बॉक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते हैं ?

उत्तर – लेटर बॉक्स का रंग लाल होने के कारण सभी उसे लाल ताऊ कहकर पुकारते थे।

प्रश्न4. क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुंचा पा रहे थे?

उत्तर – लड़की बहुत छोटी थी वह अपने घर का पता गली का नाम और पापा का भी नाम नहीं बता पा रही थी इसी कारण सभी पात्र लड़की को उसके घर नहीं पहुंचा पा रहे थे।

प्रश्न5. लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है

उत्तर –लाल ताऊ बाकी पात्रों से भिन्न क्योंकि –

1. वह पढ़ा लिखा है
2. वह दूसरों की चिट्ठियां निकालकर पढ़ता है
3. वह मधुर आवाज में बात करता है
4. उसका रंग लाल है